# झारखंड ने लगातार दूसरे वर्ष सुब्रतो कप फुटबॉल इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीता

## चर्चा में क्यों?

- 26 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित 62वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में अंडर 17 बालिका वर्ग में झारखंड ने लगातार दूसरे वर्ष जीत दर्ज की।

## प्रमुख बिंदु

- झारखंड के खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले में हरियाणा को 3-0 से हराकर खिताब में कब्ज़ा जमाया।
- झारखंड से संत पैट्रिक स्कूल, गुमला स्थित आवासीय सेंटर की टीम टूर्नामेंट में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रही थी।
- इस टूर्नामेंट में झारखंड टीम ने पहले मुकाबले में दिल्ली के विरुद्ध 23-0, दूसरे मैच में गुजरात को 9-1, तीसरे मैच में केरल को 7-0 से, चौथे मैच क्वार्टर फाइनल में त्रिपुरा को 5-0, सेमीफाइनल में एनसीसी को 2-0 से पराजित किया।
- झारखंड टीम ने 6 मैच में कुल 49 गोल कर नया इतिहास रचा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-wins-subroto-cup-football-international-tournament-for-the-second-consecutive-year